तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 6 अप्रैल 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 संडे अवकाश बंद होने से भड़के कामगार



## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर होगा विवि का घेराव

**अंबिकापुर।** छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई अब उग्र प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। वर्षों से बंद पड़े हुए छात्र संघ चुनाव को फिर से शुरू कराने लिए एनएसयूआई द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद भी कोई पहल होने पर अब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रदर्शन की योजना बनाई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी 6 अप्रैल की दोपहर 12 बजे राजीव भवन में एकत्रित होंगे इसके बाद भकुरा स्थित संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### अर्जी लखदातार की भव्य भजन संध्या 8 को

**प्रतापपुर।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को और अधिक भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से प्रतापपुर में अर्जी लखदातार की 3.0 के तहत भव्य भजन संध्या एवं कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 8 अप्रैल की शाम 7.15 बजे से अग्रसेन भवन के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन लखदातार परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अंकुर अग्रवाल, सुमित गुप्ता, शुभम मित्तल, अंकित तायल, अमन गर्ग एवं आकाश मित्तल शामिल हैं। आयोजन में भव्य दरबार एवं पूजा के साथ-साथ भजन-कीर्तन, श्याम रसोई, 56 भोग अर्पण, सवा मणि प्रसाद एवं इत्र वर्षा जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। भव्य भजन संध्या में देश के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। रापटगंज से संजीव शर्मा, कोलकाता से निहाल ठाकरान तथा शक्ति से अभिषेक गर्ग कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति देंगे।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंडपान में दो बाइक के सामने-सामाने भिड़ंत हो जाने से घायल एक ग्रामीण को रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम विमलापुर निवासी अवधेश कुमार चौधरी आ. रामप्रीत चौधरी (36 वर्ष) 3 अप्रैल को गांव के अपने साथी के साथ बाइक से काम करने सुन्दरपुर गया था। काम करने के पश्चात दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही ग्राम कुंडपान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में अवेधश गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटे आई। परिजन घायल को डिंडो अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर रायपुर जा रहे थे तभी रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मोमबत्ती के साथ हुई विशेष प्रार्थना सभा

# मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया ईस्टर का पर्व



समाज के लोगों को संदेश देते बिशप।


विशेष प्रर्थना सभा में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बिशप ने दिया समाज के लोगों को सन्देश

मसीही समाज ने ईस्टर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महागिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्रार्थना सभा में बिशप अं तो नि स बड़ा ने पूर्व संध्या पर गिरजाघर में मोमबत्ती जलाकर धर्म विधि संपन्न कराई गई। इसके साथ ही देर रात चर्च की घंटियां बजने के बाद जमकर आतिशबाजी की गई।

शनिवार की देर शाम ईस्टर की पूर्व संख्या पर नवापारा स्थित बेदाग इश्माता महा गिरिजाघर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा कि पास्का जागरण अंधकार पर प्रकाश का, मृत्यु पर जीवन का शैतान पर ईश्वर की विजय का सबसे बड़ा उत्सव है। सदियों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। दुनिया के लिए जहां से शांति का संदेश निकला आज वही जगह अशांत है इजराइल के येरूसलम में भयंकर युद्ध छिड़ा हुआ है राजनीतिक अस्थिरता से विश्वासियों में भय का वातावरण बना हुआ है। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि इस वर्ष जैतून पहाड़ से येरूसलम शहर में खजूर की डालियां हांथ में लेकर निकलने वाला परम्परागत जुलूस भी नही निकल सका। ईस्टर के अवसर पर शनिवार की रत 10 बजे से विशेष प्रार्थना प्रारम्भ हुई और देर रात तक यह कार्यक्रम चलता रहा। पूण्य शनिवार की रात 10 बजे मोमबत्ती के आशीष के बाद समुदाय द्वारा घरों से लाई हुई मोमबत्तियां पास्का मोमबत्ती से प्रज्वलित कर समस्त धर्म विधियां प्रारंभ हुई। धार्मिक अनुश्ठान बिशप डॉ अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर व फादर ज्ञान ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस दौरान पवित्र बाइबिल के आठ पाठों का वाचन समुदाय के लोगों द्वारा किया गया। घर बैठे बुजुर्गों के लिए ऑनलाइन प्रसारण की सुविधा जेरिन जोसेफ ने उपलब्ध कराई। रात 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चले इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में फा. जॉन जयसवाल कुजूर, फ़ा. अनुरंजन तिग्गा के नेतृत्व में पारिस युवा संघ की टीम के भक्ति गीतों से चर्च परिसर गुंजायमान होता रहा। प्रभु यीशु को समर्पित भक्ति गीतों की प्रस्तुति को भक्तों ने खूब सराहा। परम प्रसाद वितरण के साथ ही समस्त धार्मिक अनुश्ठान सम्पन्न हुए। रात 12 बजते ही चर्च की घंटियां बजना शुरू होते ही चर्च के बाजू में ही काथलिक युवा मंच के युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशियों के संदेश को दिया।

इस अवसर इस अवसर पर विधायक प्रबोध मिंज, फादर थेओडोर लकड़ा, फादर मारियानुस, पीआरओ अजीत एक्का, जगजीत मिंज, अजय अरुण मिंज, कुलदीप कुजूर, जेम्स किंडो, राजेश किंडो, फ्रांसिस केरकेट्टा, संजीव लकड़ा, डॉ. प्रदीप टोप्पो, भानु खलखो सहित शहर में समुदाय द्वारा संचालित संस्थानों के प्रमुख फादर सिस्टर्स व हजारों की संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।

## जन्म के बाद नवजात को जंगल में मरने के लिए फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- ग्रामीण महिलाओं ने बचाई जान, किया गया रिफर

क्षेत्र में मानवता और ममता के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जिसमें जन्म के बाद एक नवजात को मरने के लिए जंगल के अंदर फेंक दिया गया। गनीमत रही की बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। फिलहाल नवजात बच्ची को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि जिले के वाड्रफनगर और कोटराही के बीच जंगल में महिलाएं महुआ चुनने गई हुई थी। इस दौरान महिलाओं को किसी बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए महिलाएं जंगल के अंदर पहुंची तो झाड़ियों में उन्हें एक नवजात बच्ची मौके पर पड़ी हुई मिली। बच्ची के शरीर पर चीटियां लगी हुई थीं, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। महिलाओं ने तत्काल इसकी सूचना चाइल्डलाइन को दी। सूचना मिलते ही चाइल्डलाइन की टीम ने स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।



मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल रेस्क्यू किया। बच्ची को पुलिस की मदद से पहले प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और नवजात को इस हालत में छोड़ने वाले अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। यह घटना एक बार फिर समाज के उस काले चेहरे को उजागर करती है, जहां मासूमों के साथ इस तरह की अमानवीय घटनाएं सामने आ रही हैं। मामले में वाड्राफनगर पुलिस ने चाइल्ड लाइन को भी इसकी सूचना दी है।

**पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, आरोपी रेलवे स्टेशन में घूमते हुए आया नजर**

## टूटी हुई थी मृतिका की पसलियां फट गया था लंग्स और हॉर्ट

**अंबिकापुर।** सद्भावना चौक के समीप एक महिला से दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या किए जाने के मामले में चौकाने वाले खुलासे हुए है। मृतिका महिला का पीएम रिपोर्ट सामने आया है जिसमें उसके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार की गई। महिला के पसलियां टूटी हुई थी, लंग्स और हार्ट फट गया था। इसके साथ ही शरीर पर बर्बरता के निशान मिले है। इस बीच आरोपी के रेलवे स्टेशन में भी देखें जाने की पुष्टि हुई है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी ट्रेन में बैठकर कहीं फरार हो गया।

बता दें कि 3 अप्रैल को शहर के सद्भावना चौक में मछली दुकान के अन्दर एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। मृतिका की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला की लाश को पुलिस द्वारा पीएम के लिए भेजा गया था। वहीं अब महिला की पीएम रिपोर्ट भी सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के अटोप्सी सर्जन डॉ. संटू बाघ ने इसकी जानकारी दी है। डॉ. बाघ के अन्सौर महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। लगे को दबाने के लक्षण मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला। महिला के गुप्तांग में काफी चोट के निशाँ भी मिले है। डॉ. बाघ का कहना है कि मृतिका के छाती पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया है जिससे पसली टूटने के साथ ही लंग्स और हार्ट फट गया एवं अत्यधिक रक्त स्राव से उसकी मौत हो गई। मृतिका के शरीर पर संघर्ष व बर्बरता के निशान है। वहीं अटोप्सी सर्जन डॉ. संटू का मानना है कि इस हत्याकांड में एक से अधिक लोग भी हो सकते है क्यों कि पसली की हड्डी काफी मजबूत होती है और एक व्यक्ति से यह संभव नहीं है। इधर घटना के बाद से आरोपी भी फरार है और अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आरोपी मिथुन उर्फ पंडा को रेलवे स्टेशन में भी घूमते हुए देखा गया है ऐसे में उसके भागने की संभावना के बाद आस पास के जिलों को भी अलर्ट किया गया है।

## बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में गंभीर रूप से झुलसी नाबालिग छात्रा की रायपुर में उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्राम गोरखनाथपुर में शोक व मातम का माहौल, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग स्थित पासिंग नाला के पास शनिवार को सड़क किनारे गंभीर रूप से झुलसी मिली 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा की रविवार को रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन लाश को लेकर ग्राम गोरखनाथपुर के लिए रवाना हुए हैं।

मृत छात्रा की पहचान ग्राम गोरखनाथपुर निवासी मोनिका सिंह 17 वर्ष पिता छेरतु के रूप में हुई है। वह स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में बाईलॉजी संकाय की छात्रा थी और पढ़ाई में बेहतर होना बताया गया है। विद्यालय में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। घटना वाले दिन शनिवार को दोपहर 1 से 4 बजे तक बाईलॉजी



की परीक्षा थी इसी दौरान यह हादसा हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को छात्रा सड़क किनारे 90 प्रतिशत से अधिक झुलसी हालत में कराहते हुए मिली। राहगीरों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां से हालत गंभीर होने पर रायपुर भेजा गया था। प्रारंभिक जानकारी में नाबालिग छात्रा मोनिका के युवक मित्र ग्राम रामपुर नीमपारा निवासी भूपेंद्र सिंह 21 वर्ष से मोबाइल को लेकर विवाद होने का कारण पता चला है। छात्रा के युवक मित्र के अनुसार उसने छात्रा को फाइनेंस लोन पर मोबाइल दिलवाया था। जिसकी किश्त पटाने को लेकर दोनों के बीच कहासूनी व विवाद हुआ। युवक का कहना है कि छात्रा ने किराना दुकान से पेट्रोल खरीदा, इस दौरान वह उसके हाथ से पेट्रोल छीनकर अपनी बाइक में डाल लिया और बाद में उसे आरटीआई कॉलोनी के पास छोड़ दिया। इसके बाद छात्रा कुछ दूरी पर झुलसी हालत में मिली। घटना के दौरान मौके पर एक ट्रक के खड़े होने और कुछ लोगों द्वारा छात्रा का वीडियो बनाने की बात भी सामने आई है जिसकी भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने संदेही युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छात्रा ने खुद को आग लगाया है या किसी अन्य युवक ने घटना को अंजाम दिया है। बिश्रामपुर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और दोनों पक्षों के परिजन को भी पूछताछ के लिए थाना बुलाए जाने की खबर है।

## ग्राम-स्तरीय कार्यों से लेकर राष्ट्रीय लक्ष्यों तक निष्ठा के साथ करना होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महामाया मंडल का दो दिवसीय महाभियान वर्ग पूर्ण

भाजपा महामाया मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान वर्ग उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 8 सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक विषयों, कार्य पद्धति एवं भाजपा की वैचारिक नींव पर गहन चर्चा हुई। समापन सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने की। मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने शिरकत की। वरिष्ठ नेता मेजर अनिल सिंह, महापौर मंजूषा भगत एवं सूरजपुर जिला के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को मजबूत संगठन निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा। हमें ग्राम-स्तरीय कार्यों से लेकर राष्ट्रीय लक्ष्यों तक पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। भाजपा का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र सेवा के प्रति



समर्पित होकर 'संकल्प से सिद्धि' की ओर अग्रसर बने। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह महाभियान वर्ग मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं के कौशल वृद्धि का महत्वपूर्ण कदम है। संगठन की मजबूती के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आने वाले समय में इन प्रशिक्षित कार्यकर्ता सरगुजा जिले को विकास के नए आयाम प्रदान करेंगे। मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने स्वागत भाषण दिया। सभी सत्रों का संचालन मंडल महामंत्री संजीव वर्मा एवं निरंजन राय ने कुशलतापूर्वक किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष, जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद विकास पांडेय, मधु चौदाहा, निश्चल प्रताप सिंह, जन्मेजय मिश्रा, राकेश, श्वेता गुप्ता, आकाश गुप्ता, शशिकांत जायसवाल, शिवमंगल सिंह, जितेन सोनी, आलोक दुबे, प्रियंका गुप्ता, विकास गुप्ता, निशांत सिंह, शुभांगी बिहारी, प्रियंका चौबे, सरिता जायसवाल, अविनाश मंडल, सरिता मिश्रा, अल्पना मिश्रा, रवि विश्वकर्मा, जतिन परमार, नंदकिशोर ताम्रकार, पुष्पेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह, सतीश सिंह, अविनाश कुशवाहा, सतीश शर्मा, धर्मेंद्र द्विवेदी, मनीष सिंह, सतीश मिश्रा, सिकंदर जायसवाल, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सुधांशु चौबे, सत्यम सिंह, अजय सारथी, रीना राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### केन्द्रीयकृप परीक्षा का समापन आज

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत आठवीं की परीक्षा 6 अपै्रल को अंतिम पेपर के साथ समाप्त हो जाएगा वहीं केन्द्रीयकृत पॉचवीं की परीक्षा बीते 25 मार्च को ही समाप्त हो गया था। इसके साथ ही उक्त दोनों परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं केमूल्यांकन का कार्य भी शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीयकृत पांचवीं एवं आठवीं कक्षा के उत्तरउपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरा किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों कक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन में बड़ी संख्या में शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता के रूप में ड्यूटी लगाई गई है और विकासखंड बदलकर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा यानी बैकुंठपुर विकासखंड की उत्तर पुस्तिका सोनहत तथा सोनहत विकासखंड़ की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच बैकुंठपुर में किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है, ताकि समय पर उक्त दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए जा सके और विद्यार्थियों को अंकसूची प्रदान की जा सके।

### 18वीं बटालियन के एरोबिक्स सत्र में उमड़े लोग

**मनेन्द्रगढ़।** स्वस्थ मनेन्द्रगढ़ प्रसन्न मनेन्द्रगढ़ की भावना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से 18 वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित एरोबिक्स एवं जुम्बा सत्र रविवार को उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय स्व. श्री बिसातु दास महंत पार्क में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित लगभग 350 से 400 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 18 वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और पतंजलि योग समिति के सहयोग से संचालित यह अभियान शहरवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली का केन्द्र बन गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नए आगंतुकों को एरोबिक्स के आसान और प्रभावी स्टेप्स सिखाए गए। विशेषज्ञों के अनुसार यह सत्र न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि मानसिक तनाव को दूर करने में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कमांडिंग ऑफिसर श्री शर्मा ने कहा कि मात्र 60 मिनट का एरोबिक्स या जुम्बा अभ्यास शरीर की 340 से 500 कैलोरी तक बर्न कर सकता है। यह कार्डियो-वैस्कुलर हेल्थ को सुधारने के साथ-साथ शरीर में बेहतर समन्वय स्थापित करता है, इससे एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम जनता के बीच संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। सत्र के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## आंदोलन की दी चेतावनी, प्रबंधन के फैसले पर टिकी निगाहें

# संडे अवकाश बंद होने से भड़के कामगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइन आरओ में कार्यरत सभी कामगारों का संडे बंद किए जाने से क्षेत्र में श्रमिकों के बीच भारी नाराजगी व्याप्त हो गई है।

प्रबंधन के इस फैसले से न केवल कामगारों का आक्रोश बढ़ा है, बल्कि उनके आर्थिक हालात पर भी सीधा असर पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कटगोड़ी साफ्ट में कार्यरत कर्मचारियों ने संडे अवकाश नहीं मिलने के विरोध में कार्य का बहिष्कार किया था, इसके बाद प्रबंधन द्वारा चार कामगारों को मौखिक रूप से चरचा ईस्ट से चरचा वेस्ट स्थानांतरित कर दिया गया, इससे कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ गया। इसी मुद्दे को लेकर 1 अप्रैल को लगभग 200 से अधिक कामगार श्रमवीर स्टेडियम में एकत्रित हुए



और जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सभी कर्मचारी क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े के पास पहुंचे, जहां विधायक के माध्यम से उन चारों कामगारों को यथावत रखने की मांग रखी गई। हालांकि कामगारों का आरोप है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने के बजाए एसईसीएल प्रबंधन ने उल्टा चरचा में कार्यरत सभी कर्मचारियों का संडे ही बंद कर दिया। इस निर्णय से कामगारों को प्रतिमाह लगभग 20 हजार रूपए तक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कामगारों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह श्रमिक विरोधी है और इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही संडे बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

कामगारों ने कहा कि संडे बंद होने से उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है, इससे शारीरिक और मानसिक नुकसान हो रही है।

कामगारों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन उनकी समस्याओं को सुनने के बजाए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि जिन चार कामगारों का स्थानांतरण किया गया है, उन्हें तत्काल पूर्व स्थान पर बहाल किया जाए तथा सभी कर्मचारियों का संडे संडे पुनः शुरू किया जाए। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में श्रमिक संगठनों की भी नजर बनी हुई है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो यूनियन स्तर पर बड़े आंदोलन की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल कामगारों में आक्रोश बना हुआ है और सभी की निगाहें प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों के अगले कदम पर टिकी हैं।

## चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग को गंभीरता से लेते हुए कोरिया लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन संचालित किए जाने की मांग की है।



■ सांसद श्रीमती महंत ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

सांसद श्रीमती महंत ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस इस क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए जीवनरेखा के समान है। कोविड-19 महामारी से पूर्व यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होती थी, जिससे आमजन, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं व्यापारियों को आवागमन में अत्यंत सुविधा प्राप्त होती थी। वर्तमान में इस ट्रेन का सीमित दिनों में संचालन होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन को शीघ्र प्रभाव से प्रतिदिन संचालित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और उनका दैनिक जीवन सुगम हो सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सांसद श्रीमती महंत के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह मांग पूरी तरह जनभावनाओं से जुड़ी हुई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ शहर सौरव मिश्रा ने कहा कि यह ट्रेन विद्यार्थियों, नौकरी पेशा लोगों और व्यापारियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसके नियमित संचालन से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी।

## 35 पाव देशी शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 35 पाव देशी शराब पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध धारा आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत नवगंवा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बलौदा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी हीरालाल केवट उम्र 55 साल निवासी ग्राम नवगवां थाना बलौदा के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 2800 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब बरामद कर धारा आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सूने घर का ताला तोड़कर चोरी, 27 हजार नकद व पायल पार

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र के मस्जिद लाइन वार्ड क्रमांक 12 में शनिवार की रात एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित नेक मोहम्मद उर्फ राजा ने बताया कि 4 अप्रैल की रात जब वह अपने घर वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।

इसी दौरान उनके साथ मौजूद एक दोस्त ने भी स्थिति की पुष्टि की। जब उन्होंने दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया, तो घर के पीछे वाले दरवाजे के बंद होने की आवाज सुनाई दी। शक होने पर उनका दोस्त तुरंत पीछे की ओर दौड़ा। उसने दरवाजे के ऊपर से झांककर देखा तो एक युवक को दीवार कूदकर भागते हुए देखा। दोस्त ने मौके पर ही





आवाज देकर बताया कि भागने वाला व्यक्ति मोहम्मद फिरोज अंसारी उर्फ सोनू है। इसके बाद नेक मोहम्मद भी घर के पीछे की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घर की तलाशी लेने पर एक पायल और करीब 27 हजार रूपए नकद गायब पाए गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को देने की बात कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। पीड़ति नेक मोहम्मद उर्फ राजा ने बताया कि घटना के बाद आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सभी ने घटना पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मस्जिद लाइन वार्ड क्रमांक 12 में पहले भी छोटी-बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब इस तरह घर का ताला तोड़कर चोरी होना गंभीर चिंता का विषय है।

## होटल की इमारत ढहने से एक की मौत

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा नगरपालिका क्षेत्र में रविवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक होटल की पुरानी इमारत अचानक जमींदोज हो गई। इस भीषण हादसे में एक नागरिक की मलबे में दबने से मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए



प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल सक्रिय हो गए हैं। मौके पर कलेक्टर हर्षल पंचोली और पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान भारी पुलिस बल के साथ मौजूद हैं। मलबे में दबे अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। राहत कार्य में न केवल सरकारी तंत्र बल्कि निजी कंपनियों की टीमें भी जुटी हुई हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए कोतमा विधायक और मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को मलबे से सुरक्षित लोगों को निकालने तथा घायलों के समुचित उपचार के सख्त निर्देश दिए हैं। खबर लिखे जाने तक मंत्री और जिले के आला अधिकारी मौके पर ही डटे हुए हैं।

# प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खुले सार्वजनिक प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर निःशुल्क प्याउ का शुभारंभ 1 अप्रैल को किया गया,ताकि राहगीरों को गर्मी के दिनों में पेयजल सुलभ हो सके। नपा के इस पहल का जब जायजा लिया गया तो शहर के प्रमुख सार्वजनिक जगहा जहां पर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, उस जगह पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ खुला ही नहीं है, जबकि नपा को ऐसे प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर निःशुल्क प्याउ खोलना चाहिए, जहां पर अधिक लोगों की आवाजाही रहती है। जानकारी के अनुसार शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड जहां दिनभर में दर्जनों बसे आवाजाही करती है, जिनमें काफी संख्या में यात्रीगण चढ़ते उतरते हैं और वाहनों का इंतजार करने के लिए बैठे रहते हैं, ऐसे प्रमुख भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर

■ नपा प्रशासन से पहल की मांग



### यात्रियों व ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी

शहर के प्रमुख जगहों पर नपा द्वारा मार्च बीतने के बाद अब तक प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर निःशुल्क प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों एवं ग्रामीणों को पेयजल के लिए सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। बस स्टैंड में यात्रियों को निःशुल्क प्याउ की सुविधा नहीं मिलने से हॉटलो से पानी पीने को मजबूर है, कई बार हॉटल वाले बिना कुछ खरीदी किए पानी भी नहीं देते ऐसे में मजबूरी में कुछ सामान खरीदी करना पड़ता है या फिर बोतल बंद पानी क्रय करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को उठाना पड़ता है।

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क सार्वजनिक प्याउ अब तक नहीं खोला, जबकि प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में विभिन्न क्षेत्रों के लोग आते हैं, जिन्हें इस गर्मी में पानी की जरूरत पड़ती है तो हॉटलों का सहारा लेना पड़ता है या फिर दुकान से बोतल बंद पानी क्रय कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।

### बस स्टैंड सहित प्रमुख जगहों नहीं है प्याऊ

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न 10 जगहों निःशुल्क प्याउ खोला गया है। शहर के व्यस्त और महत्वपूर्ण स्थानों पर अब तक प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रतीक्षा बस स्टैंड जहां रोजाना यात्रियों की आवाजाही होती हैं यहां प्रमुखता से प्याउ की व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन इस प्रमुख स्थल की उपेक्षा की गई, इसके अलावा गौरव पथ मार्ग पर भी कही पर भी निःशुल्क प्याउ नहीं है, जबकि इस मार्ग पर जनपद कार्यालय, जिला अस्पताल, सिटी कोतवाली स्थित है, इसके चलते इस मार्ग पर लोगों की प्रतिदिन आवाजाही अधिक रहती है, बावजूद इसके इस मार्ग पर नपा की प्याउ नहीं है। शहर के कुमार चौक सहित मुख्य मार्ग के अन्य प्रमुख जगहों पर भी प्याउ नहीं खोले गए।

# आठ माह बीतने के बाद भी शिकायत का निराकरण नहीं

**बैकुंठपुर।** जनता के शिकायतों पर यदि जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से शिकायतों की जांच व निराकरण नहीं किया जाता है तब जनता का भरोसा प्रशासन से टूटने लगता है।

■ आंगनबाड़ी की सहायिका परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

जिला प्रशासन भले ही जन शिकायतों के निराकरण के लिए बड़े-बड़े दांवे करते हो, लेकिन पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिलने से पीड़ितों का विश्वास प्रशासन से कम होने लगता है। ऐसा ही मामला एमसीबी जिले के एक पीड़ित की है, जिसे बिना उचित कारण व नोटिस दिए ही आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका पद से काम से बाहर कर दिया गया था, इसके बाद पीड़िता एमसीबी जिला प्रशासन के पास शिकायत कर अपने मामले का निराकरण करने की मांग की, लेकिन 8 माह से आवेदन देने के बाद भी अब तक शिकायत का निराकरण नहीं किया गया और पीड़िता 10 माह से बहाली के इंतजार में है। यह मामला जिला प्रशासन को यह बताने के लिए काफी है कि प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच की खाई कितनी गहरी है।

### सवालों के घेरे में प्रशासन

एक तरफ सरकार महिला सशक्तिकरण और पारदर्शी प्रशासन की बात करती है,लेकिन दूसरी ओर एमसीबी जिले की महिला कर्मी अपनी शिकायत निराकरण के लिए कई महीनों का इंतजार करना पड़ रहा है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि एमसीबी जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कुमारी कृष्णा जैसे जिले के कई पीड़ितों को न्याय के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते - काटते आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होना पड़ता होगा।

### कलेक्टर का दो दिन का वादा, बीते कई दिन

अपने मामले में आवेदन पर आवेदन देने के महीनों बाद भी काम से निकाली गई। सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह ने बीते 30 मार्च को कलेक्टर एमसीबी से व्यक्तिगत मुखातिब होकर अपनी समस्या बताई और दिए गए आवेदन की कापी उन्हें देकर स्थिति से अवगत कराई तो कलेक्टर एमसीबी ने पीड़िता को आश्वासन दिया कि दो दिन में आपके पास फोन आएगा और समस्या का समाधान होगा, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कुमारी कृष्णा के फोन की घंटी नहीं बजी।

### जनदर्शन भी साबित हुआ बेअसर

प्रशासन से शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने का मामला एमसीबी जिले के खड़गवां परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नेवरी के घोकवापारा में नवनियुक्त सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह का है, जिसे बिना उचित कारण व नोटिस दिए ही नियुक्ति के लगभग 5 माह बाद जून 2025 से काम पर नहीं आने को मौखिक रूप से कहा गया था, इसके बाद सहायिका ने 22 अगस्त 2025 को कलेक्टर कार्यालय के आवक जावक में अपनी शिकायत देकर मामले का निराकरण करने की मांग की। इस पर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई तब 11 नवंबर 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर मामले की निराकरण की मांग की है। इस पर भी कुछ कार्रवाई नहीं होने पर दुबारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया, जिस पर पुराने टोकन नंबर पर ही शिकायत को जांच में लेने की बात कही गई। इस तरह 8 माह बीत जाने के बाद भी शिकायत की कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई।

# रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में देरी, पीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के भूमि अधिग्रहण कार्रवाई में हो रहे अनावश्यक विलंब के संबंध में रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार सहित रेलवे एवं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखकर परियोजना को अनावश्यक विलंब से बचाने शीघ्र हस्तक्षेप किए जााने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र के साथ कलेक्टर द्वारा 27 फरवरी 2026 को बिलासपुर रेलवे के उप मुख्य अभियंता को अवार्ड राशि उपलब्ध कराने के लिए लिखे पत्र की प्रतिलिपि भी संलग्न की है। अपने पत्र में पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता श्री पटेल ने कहा कि बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण से संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण हो जाने के बावजूद हितग्राहियों को अभी तक अवार्ड राशि का भुगतान नहीं करने के कारण भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई जस की तस रूकी हुई है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय से बार-बार उप मुख्य अभियंता रेलवे बिलासपुर को पत्र प्रेषित कर धनराशि की मांग की जा रही है, लेकिन दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के उप मुख्य अभियंता द्वारा उक्त महती रेल परियोजना को कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है, जिससे सर्वत्र असंतोष और अविश्वास फैल रहा है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
। 9424250281 । 8120906000 । 8120809000 ।
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सांसद, कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश महामंत्री ने मुख्य मंत्री से किया सौजनय भेट

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल व भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर दरिमा से दिल्ली एवं कोलकत्ता के लिए हवाई सेवा प्रारंभ होने उपरांत आभार व्यक्त कर उनका अभिवादन किया। साथ ही एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा प्रारंभ करने हेतु आवश्यक उन्नयन कार्य कराए जाने तथा अंबिकापुर से दुर्ग तक वंदे भारत ट्रेन संचालित करने के लिए रेल मंत्रालय में पहल करने का भी आग्रह किया।

### यातायात पुलिस थाना व महामाया मंदिर एवं खैरबार के बीच पुलिस चौकी खुलवाने की मांग

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने प्रदेश के डीजीपी से मुलाकात कर शहर में यातायात पुलिस थाना,महामाया मंदिर एवं खैरबार के बीच



एक पुलिस चौकी स्वीकृति कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम को सौंपे ज्ञापन में पार्षद आलोक दुबे ने बताया है कि संभाग मुख्यालय होने के कारण शहर में यातायात के बढ़ते दबाव के कारण यहां पर यातायात पुलिस थाने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ के एक मात्र संभाग सरगुजा है। जिसके मुख्यालय अम्बिकापुर यातायात थाना स्वीकृत नहीं है। जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम एवं वाहनों का दबाव बराबर संभाग मुख्यालय मे बना रहता है। जनहित को देखते हुए इसे तत्काल स्वीकृत कराने की अनुशंसा करें। साथ ही शहर से लगे महामाया मंदिर एवं खैरबार का लगा क्षेत्र है। यहां आवाजाही के बढ़ते दबाव के कारण एवं आए दिन मारपीट एवं लूटपाट की घटना का कारण यह क्षेत्र संवेदनशील है। यहां पर पुलिस चौकी की आवश्यकता है।

### महाअभियान के तहत मंडल क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**राजपुर।** सामरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल राजपुर में भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम दिवस 3 अप्रैल को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सह वर्ग प्रभारी के रूप में सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, वर्ग प्रभारी धर्म सिंह तथा वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, वरिष्ठ नेता गौरी शंकर अग्रवाल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी तथा सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने भी संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला महामंत्री संजय सिंह, जिला प्रवक्ता दीनानाथ यादव तथा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भी उद्बोधन दिया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मरावी, जनपद अध्यक्ष विनय भगत और जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार सीतापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

//ईश्तेहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज गुप्ता आ. ओम प्रकाश गुप्ता जाति तेली निवासी ग्राम-सीतापुर तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पुत्र युवराज गुप्ता का दिनांक 25/11/2014 को जन्म ग्राम सीतापुर में हुआ है। जन्म-मृत्यु पंजी में नाम दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र की आवस्कता शिक्षा हेतु पड़ रहा है। जिसके लिये जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र अंकसूची एवं चालान की प्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/04/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकते हैं। समय सीमा बाद प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सीतापुर
जिला-सरगुजा

## मजदूरों का नहीं बीमा और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था

# नियमों के विपरीत अवैध रूप से संचालित क्रेशर बना हादसों का केंद्र



क्षेत्र में संचालित क्रशर।

### लीज कहीं का उत्खनन कहीं और

क्रशर संचालक इतने शातिर है कि पत्थर उत्खनन के लिए भूमि लीज पर लेते है। लीज लिए भूमि से पत्थर खत्म हो जाने पर उसी लीज के माध्यम से दूसरे क्षेत्र में उत्खनन करना शुरू कर देते है। पत्थर उत्खनन के लिए एक निर्धारित गहराई तक की उत्खनन कर सकते है लेकिन नियम को दर किनार कर अवैध उत्खनन किया जाता है। क्रशर संचालक जमीन के 15-20 फीट गहराई तक का पत्थर निकाल लेते हैं। पत्थर निकालने के बाद जमीन खतरनाक खाई में तब्दील हो जाती है जो लोगों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

क्रशर संचालकों की मनमानी से न सिर्फ मजदूर परेशान है बल्कि आसपास गांव के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। क्रशर संचालक न सिर्फ नियमों को दरकिनार कर संचालन कर रहे है बल्कि काम करने वाले मजदूरों के जान से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि बिना सुरक्षा से मजदूरों से काम कराया जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पिछले माह ही अवैध रूप से संचालित क्रेशर के हापर में मजदूर पत्थर डालने के दौरान हॉपर में जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में कई बार हो चुकी है बावजूद इसके आज तक क्रसर संचालक के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे क्रशर संचालक के हौसले बुलंद है।

**खास बात**
- दुर्घटना से घायल हो चुके है कई मजदूर

बतौली क्षेत्र के सुवारपारा में एक साथ दो प्लांट का संचालन किया जा रहा है जहां एल एल पी कंपनी रायगढ़ द्वारा सारे नियमों को ताक में रखते हुए क्रेसर में पत्थर तोड़ने का कार्य तो कर ही रहे है साथ ही डामर प्लांट का संचालन कर सामग्री सड़क निर्माण कार्य में धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि क्रशर व डामर प्लांट में काम करने वाले मजदूरों के सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है। जबकि क्रशर व डामर प्लांट में जिले सहित मध्यप्रदेश , बिहार सहित अन्य राज्यों के है मजदूर काम करते है लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर मजदूरों को जूता,हेलमेट के अलावा जरूरी बीमा भी नहीं कराया गया है जहां मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी जीविकोपार्जन करने 24 घंटा कार्य करने को मजबूर है। सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से पूर्व में भी क्रशर में कई हादसे हो चुके है बावजूद इसके आज तक संचालक द्वारा मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले माह ही क्रेसर के हॉपर में पत्थर डालने के दौरान कार्यरत मजदूर लवकेश सिंह आ. बृजलाल सिंह 20 वर्ष हॉपर में गिर गया जहां दूसरे मजदूरों की तत्परता से क्रेसर को तत्काल बंद कर लवकेश को बाहर निकला। हॉपर में गिरने से लवकेश का बायां पैर पूरी तरह जख्मी हो गया जिसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है। लेकिन मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर नहीं है ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिसके जिम्मेदार कौन होंगे यह समक्ष से परे है।

### ग्राम सुवारपारा सहित ग्राम मंगारी क्षेत्र में बना मौत का खाई

क्रशर में गिट्टी बनाने के लिए बड़ी मात्रा में पत्थर की आवश्यकता होती है। ऐसे में क्रेशर संचालक अधिकारियों की सांठगांठ कर नियमों के विपरीत अवैध रूप से ग्राम सुवारपारा और मंगारी क्षेत्र से पत्थल उत्खनन कराते है जिससे कई जगह खाई बन गई है। ऐसे में बारिश के दिनों में खाई में पानी भर जाने से यह खाई लोगों के लिए मौत का खाई बन गया है।



### जांच के दिए गए है निर्देश

अवैध क्रशर संचालन का मामला संज्ञान में आया है। जांच के लिए खनिज विभाग को निर्देशित किया गया है। जांच सही पाए जाने में नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
राम सिंह ठाकुर
एसडीएम

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया 13.22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान



- सड़क-पुल-जल संरचना से बदलेगी तस्वीर

भटगांव विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने 13.22 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के तहत भैयाथान व ओड़गी विकासखंड में बांध मरम्मत, सड़क और पुलिया निर्माण कार्यों की विधिवत पूजा-अर्चना कर शुरुआत की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड के ग्राम सांवरावा में 1.36 करोड़ रुपए की लागत से जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही प्रतापपुर–भैयाथान मुख्य मार्ग से परसापारा तक लगभग 5 किमी लंबी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत 7.66 करोड़ रुपए है। ओड़गी विकासखंड के ग्राम हरिहरपुर छतरंग रोड में कागज नाला पर 4.19 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सांवरावा बांध के जीर्णोद्धार से करीब 100 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और 400 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान सुनील साहू, शांतनु गोयल, राजीव प्रताप सिंह, शीतल गुप्ता, रामू गोस्वामी, सुभाष राजवाड़े, प्रकाश दुबे, सीताराम भास्कर, अमन प्रताप सिंह,नेहा तिवारी,नीरू गुप्ता,रूपेंद्र कुशवाहा सहित लोक निर्माण विभाग व जल संसाधन विभाग के अधिकारी, सभी ग्रामों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# इम्पैक्ट इंडिया समिट में श्रेष्ठ एनजीओ के रूप में सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

इंदौर में आयोजित इम्पैक्ट इंडिया समिट में राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ एनजीओ के रुप में संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही 100 से अधिक एनजीओ को श्रेष्ठ एनजीओ के रुप में सम्मानित किया गया है।

समारोह में पद्मश्री से सम्मानित और हिन्दी क्रिकेट कमेंटेटर सुशील दोशी द्वारा ये सम्मान प्रदान किया गया,संस्था सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने संस्था की तरफ से ये सम्मान प्राप्त किया,संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल के नेतृत्व और सामाजिक सेवा गतिविधियों के प्रति समर्पण ने ही संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर उक्त पहचान दिलाई है। श्री अग्रवाल ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वर्क को दिया है,उन्होंने इस सम्मान को सामूहिक समन्वय का नाम दिया है,विजयराज अग्रवाल ने बताया कि संस्था की स्थापना 8 फरवरी 1987 को हुई थी और



संस्था निरन्तर सामाजिक सेवा कार्यों और गतिविधियों को क्रियान्वित करती रही रही है,संस्था द्वारा गत 31 वर्षों से निःशुल्क आवासीय श्रवण बाधित विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

# दनौली खुर्द में निकाली गई बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भैयाथान के ग्राम पंचायत दनौली खुर्द में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत यूनिसेफ एवं अग्रिकोन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान ने गाँव के बच्चों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सभी को एकजुट कर बाल विवाह के विरुद्ध एक सशक्त संदेश दिया।

गाँव के छोटे-छोटे बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही , जिन्होंने बाल विवाह के विरुद्ध भावपूर्ण चित्र बनाकर जागरूकता रैली को जीवंत और प्रभावशाली बनाया। बच्चों की इस पहल ने उपस्थित ग्रामीणों को गहराई से प्रभावित किया। ग्राम पंचायत सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और युवोदय स्वयंसेवकों ने मिलकर बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर बताया गया कि कानूनी रूप से लड़की की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में विवाह करना कानूनन अपराध है, जिसमें 2 वर्ष की जेल और 1 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। कार्यक्रम में यूनिसेफ के जिला समन्वयक हितेश निर्मलकर, ब्लॉक समन्वयक अक्सेन गुर्जर, युवोदय स्वयंसेवक मनीष कुशवाहा, सरपंच श्रीमती सपना सिंह, उपसरपंच सोहन राम राजवाड़े, पूर्व सरपंच कुंवर सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बिहान की कार्यकर्ता एवं मितानिन कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### बटवारा की बात को लेकर बड़े भाई से मारपीट

**अम्बिकापुर।** घर के हिस्से बटवारा की बात को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर पतरापारा निवासी संजय सिंह आ. स्व. बैजनाथ सिंह घर में था इसी दौरान छोटे भाई तिरनाथ सिंह घर के हिस्से बटवारा की बात को लेकर गाली गलौज करने लग। जब संजय ने मना किया तो गाली-गलौज करते हुए बेदम पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की रिपोर्ट संजय ने सूरजपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# गांव चलो अभियान के तहत कांग्रेस की ग्राम कुंजनगर कल्याणपुर में बूथ कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गांव चलो अभियान के तहत लटोरी ब्लॉक अंतर्गत कुंजनगर में मंडल अध्यक्ष रूपनारायण राजवाड़े की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में भगवती राजवाड़े, कंवल बिहारी सिंह टेकाम, सुनील सारथी, रोहन राजवाड़े,राजू सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, नीरज सिंह, मो.सैफुल्लाह, अफरोज, सुंदर दास, जनक दास, सुंदर साय उपस्थित थे,बैठक में ग्राम पंचायत जयनगर, कुंजनगर, हर्राटिकरा में बूथ स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करने के लिए समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की गई।



साथ ही महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान इकबाल सोनू, कमल साय बिंझिया, शाहरुख खान, अभिषेक सिंह राजा, जोगेंद्र सिंह, नारायण दास महंत, संजय राजवाड़े, उम्मीत राजवाड़े व अन्य उपस्थित थे,वहीं दूसरी ओर गांव चलो अभियान के तहत लटोरी ब्लॉक अंतर्गत कल्याणपुर मंडल की भी बैठक आहूत की गई।



## खबर संक्षेप

### जिले में धर्म विधेयक के विरोध में रैली आज

**सूरजपुर।** जिले में धर्म अधिनियम विधेयक के विरोध में 6 अप्रैल को एक व्यापक विरोध रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली संयुक्त मसीही सेवा समिति एवं ईसाई आदिवासी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। संबंधित संगठनों ने इस विधेयक को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कानून संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को प्रभावित कर सकता है। संगठनों का मानना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक सभी नागरिकों को अपने धर्म के पालन एवं प्रचार-प्रसार की स्वतंत्रता प्रदान की गई है और प्रस्तावित विधेयक से इन अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। आयोजकों ने बताया कि रैली का आयोजन मंगल भवन से किया जाएगा, जहां से सुबह 10 बजे एकत्रित होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे। रैली के समापन पर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय लाल ने बताया कि यह रैली लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का माध्यम है और इसमें सभी समुदायों के लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है।

### एनसीए कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में संचालित बिश्रामपुर टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के युवा तेज गेंदबाज रोहित



यादव का चयन नेशनल क्रिकेट एकेडमी के लिए हुआ है जिससे नगर के खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना है। अकादमी के संचालक एवं कोच यूपी केशरी ने बताया कि रोहित यादव टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के मार्गदर्शन में विगत 8 वर्ष से अभ्यासरत है। यह सफलता उन्हें नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। रोहित यादव ने इस वर्ष वीनू मांकड ट्रॉफी व कुच बिहर ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उन्हें परिणाम मिला है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में एमएलए कोचिंग सेंटर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीतापुर।** छतीसगढ़ लोक सेवा आयोग समेत हाल ही में संपन्न हुए अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में एमएलए एजुकेशन कोचिंग सेंटर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 20 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने सीजीपीएससी समेत सी-टेट एवं सीजी टेट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विदित हो कि शिक्षा को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र के गरीब प्रतिभावान छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान करने विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा बीआरसी प्रांगण में एमएलए एजुकेशन कोचिंग सेंटर का संचालन कराया जा रहा है। नगर समेत क्षेत्र के बच्चे को योग्य शिक्षकों द्वारा निःशुल्क कोचिंग दिया जाता है। विगत दो वर्षों से संचालित इस कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने वाले दर्जनों छात्र छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है। इस बार भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं ने सिजीपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इनमें से असीम बेलास कुजूर का सीजीपीएससी में प्रिलिम्स के लिए चयन हो चुका है। इसके अलावा सी-टेट की परीक्षा में मीरा टोप्पो, नम्रता गुप्ता, रंजना खेस, मोहन पैंकरा, नीतू तिर्की, दीपिका, श्रद्धा टोप्पो, भद्रकाली टोप्पो ने सफलता हासिल की है। वही सीजी-टेट की परीक्षा में काजल सिंह, मानमोती नाग, दीपिका, नम्रता गुप्ता, नरेश पैंकरा, ओलिना तिर्की, ललित कुमार, करिश्मा, संगीता चौहान, सुमित्रा एक्का, श्रद्धा एवं निधि तिर्की ने सफलता हासिल की।

### रामानुजगंज के व्यापारियों ने झारखंड के वित्त मंत्री से की मुलाकात

**रामानुजगंज।** नगर के व्यापारी अनूप गुप्ता, जय गुप्ता, विकास दुबे एवं अमित गुप्ता ने झारखंड प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से भेंट की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने मंत्री को उनके छत्तीसगढ़ प्रवास के समय रामानुजगंज में हुए प्रवास की याद दिलाई। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की सादगी, आत्मीयता और सहयोग भाव की भी सराहना की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस अवसर पर अनूप गुप्ता के भांजे विपुल गुप्ता को संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी परीक्षा में 103 वीं रैंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल परिवार, बल्कि छत्तीसगढ़ और झारखंड दोनों राज्यों के लिए गौरव का विषय है। मुलाकात दौरान क्षेत्रीय विकास और आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर भी चर्चा की गई।

### आग की घटनाओं के दौरान लगानी पड़ती है कार्यालय तक की दौड़

# शहर में दमकल विभाग को खल रही वाटर हाइड्रेंट की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कार्यालय में खड़े दमकल वाहन।

**खास बात**

- समय बर्बाद होने से होता है ज्यादा नुकसान

शहर का दमकल विभाग वाटर हाइड्रेंट के बगैर ही संचालित हो रहा है। आगजनी की घटना के बाद आग बुझाने के दौरान हर बार दमकल विभाग की टीम को अपने दमकल वाहनों को भरने के लिए फायर स्टेशन जाना पड़ता है। यही वजह है कि शहर में अब सभी चौक चौराहों पर वाटर हाइड्रेंट की जरूरत महसूस की जा रही है। दमकल विभाग के पास पहले से ही वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन बाद में इन वाटर हाइड्रेंट को हटा दिया गया जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीम को बुलाया जाता है। दमकल की टीम भी अपने वाहनों के साथ समय रहते मौके पर पहुंचती है और आग बुझाने का काम करती है लेकिन पिछली कुछ आगजनी की घटनाओं के दौरान दमकल विभाग को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के दौरान अत्यधिक ताकत के साथ पानी डालने का काम किया जाता है और यही वजह है कि दमकल वाहनों की टंकियां जल्द ही खाली हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि आगजनी की घटनाओं में समय का काफी महत्व होता है और आग बुझाने में जितनी देरी होती है उतना ही नुकसान बढ़ता जाता है। जब आग बुझाने के दौरान दमकल वाहनों की टंकियां खाली हो जाति है तो उन्हें पानी भरने के लिए वापस दमकल कार्यालय या किसी वाटर हाइड्रेंट तक जाना पड़ता है। यदि आग छोटी है तो कम वाहनों से काम चल जाता है लेकिन यदि आग विकराल होती है दमकल विभाग को अपने सभी वाहनों को लगाना पड़ता है और इसमें भी दमकल वाहनों की टंकियों को जल्दी जल्दी भरना पड़ता है। यही वजह है कि अब शहर में वाटर हाइड्रेंट की कमी दमकल विभाग को खल रही है। इस मामले में दमकल के अधिकारियों का कहना है कि वाटर हाइड्रेंट लगाने का काम नगर निगम द्वारा किया जाना है और इस हेतु पूर्व में अधिकारियों से चर्चा की गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है।

#### सूख गया दमकल विभाग का बोर

बड़ी बात यह है कि दमकल विभाग के कार्यालय में पानी की आपूर्ति के लिए बोर कराया गया था। इस बोर से दमकल वाहनों की री-फीलिंग की जाती है लेकिन यह बोर पूर्ण रूप से सफल नहीं हुआ और गर्मी आने से पहले ही बोर सूख गया है। दमकल विभाग के पास वर्तमान में एक नल कनेक्शन है और नल कनेक्शन से मिलने वाले पानी को विभाग द्वारा कार्यालय परिसर में बनाए गए 50 हजार लीटर की टंकी में मोटर पंप के माध्यम से भरा जाता है लेकिन यह दमकल विभाग के पास पानी का कोई साधन नहीं है।

#### पहले थे 7 वाटर हाइड्रेंट

वाटर हाइड्रेंट की व्यवस्था शहर में पूर्व से रही है। नगर निगम क्षेत्र में पहले गांधीनगर, बाबरा के पास, त्रिकोण चौक, मणिपुर, फायर स्टेशन, धोबी घाट, चोपड़ा पारा वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ पुराने फायर स्टेशन और मायापुर पानी टंकी के पास ही दमकल वाहनों को भरने की व्यवस्था है। वर्तमान में शहर का विकास तेजी से हुआ है। शहर का क्षेत्रफल बढने के साथ ही घनत्व भी बढ़ा है और घटनाएं भी इसी क्रम में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अब दमकल विभाग को शहर के प्रमुख चौक चौराहों और चिन्हांकित स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट की कमी खल रही है। वाटर हाइड्रेंट मुख्य रूप से चौक चौराहों पर स्थापित होते है और इनका पानी टंकियों से सीधा कनेक्शन होता है। जरुरत पड़ने पर दमकल की टीम वाटर हाइड्रेंट सिस्टम से अपने वाहनों को जोड़कर कम समय में पानी भरकर आग बुझाने का काम कर सकती है लेकिन वर्तमान में इस तरह कोई व्यवस्था नहीं है।

#### की गई है चर्चा

दमकल विभाग के लिए वाटर हाइड्रेंट काफी महत्वपूर्ण है। पूर्व में शहर में सात स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन समय के साथ ज्यादातर वाटर हाइड्रेंट हट गए। हमने पूर्व में नगर निगम से इस संबंध में इस विषय में चर्चा की थी। एक बार फिर से इस सम्बन्ध में चर्चा की गई है।

-शिवकुमार कठोतिया
कमांडेंट, नगर सेना



# प्रबंध संचालक भीम सिंह ने किया जिले का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- दूरस्थ ग्रामों में विद्युतीकरण को मिली रफ्तार

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक भीम सिंह ने 4 अप्रैल जिले का दौरा किया। उनके आगमन से विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का विशेष वातावरण रहा। ग्राम खड़ापारा में विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया, जिसके पश्चात वे ओड़गी होते हुए ग्राम मसानकी एवं ग्राम बांक पहुंचे और प्रस्तावित विद्युतीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

यह कार्य राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत है। विकासखंड ओड़गी के इन दूरस्थ, दुर्गम एवं अब तक विद्युत-विहीन ग्रामों में शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बिजली उपलब्ध होने से ग्रामीणों को घरेलू सुविधाओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि संबंधित कार्यों हेतु सर्वे, लागत अनुमान, प्रशासनिक स्वीकृति तथा तकनीकी स्वीकृति पूर्व में प्राप्त की जा चुकी है और वर्तमान में कार्य निविदा प्रक्रिया में है। प्रबंध संचालक ने कार्य की तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए निविदा प्रक्रिया को निर्धारित 21 दिवस के स्थान पर मात्र 10 दिवस में पूर्ण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की, जिससे कार्य प्रारंभ होने की प्रक्रिया तेज होगी। ग्राम मसानकी में प्रस्तावित लाइन के संपूर्ण सर्वे रूट का सूक्ष्म निरीक्षण करने के पश्चात वे ग्राम बांक पहुंचे, जहां उन्होंने स्थल की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संभावित तकनीकी चुनौतियों का आकलन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

रूट सर्वे के दौरान कुछ ग्रामीणों से भेंट करते हुए प्रबंध संचालक ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पारंपरिक माध्यम से उनके गांवों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। इस अवसर पर रायपुर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अनीस लखेरा भी उपस्थित रहे। साथ ही अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता यशवंत शिलेदार, परियोजना वृत्त बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता वीके तिवारी, वृत्त अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता केएन सिंह, कार्यपालन अभियंता सूरजपुर मुकेश ध्रुव, कार्यपालन अभियंता बसंत सोम, सहायक अभियंता भैयाथान उपसंभाग विवेक पैकरा, सहायक अभियंता शादाब अहमद सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला की बेरहमी से हत्या के बाद कांग्रेस ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हुई शामिल, आज मौन प्रदर्शन

महामाया प्रवेश द्वार के पास महिला से दुराचार और जघन्य हत्याकांड को लेकर युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास के नेतृत्व में रविवार को युवा कांग्रेस सरगुजा ने गांधी चौक स्थित डेटा सेंटर के समक्ष चरणबद्ध धरना प्रदर्शन की शुरुआत की। संभावना यह है कि इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब भी आगामी 2-3 दिनों में अम्बिकापुर आ सकते हैं।

इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास ने कहा कि मां महामाया की धरती में मां महामाया के द्वारा पर हुई यह घटना शर्मनाक है। दिल्ली जैसी निर्भया कांड पर भाजपा के महिला शक्ति की चुप्पी बेहद गंभीर है। वास्तव में महिलाओं के प्रति होने वाले घृणित अपराधों से भाजपा को कोई परेशानी नहीं होती क्योंकि ऐसे अपराधियों का यह दल फूलमालाओं से स्वागत करती। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कल महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाया था। सड़कों से गुजरने वाली महिलाएं स्वस्फूर्त उस हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा ले रही थी। यह बतलाता है कि इस घटना को लेकर महिलाओं में कितना आक्रोश है। वो अपने हस्ताक्षर के माध्यम से यह संदेश दे रही हैं कि उनका विश्वास कानून व्यवस्था पर समाप्त हो चुका है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कानून व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक महिला जिसके साथ बीच चौराहे पर हैवानियत हो रही थी वो सहायता के लिए रात 1 बजे से 4 बजे तक चीखती रही लेकिन शहर की सुप्त पुलिस पेट्रोलिंग को कुछ अता पता ही नहीं चला। निगम प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन के नाम पर अम्बिकापुर निगम में बहुमत हासिल करने वाली भाजपा रोड लाईट तक का सही इंतजाम नहीं कर पा रही है। सड़कों पर पसरे अंधेरे ने इन वारदातों की संभावनों को और भी बढ़ा दिया है। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने ऐसी घटनाओं के लिए पुलिस की संवेदनहीनता को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से निपटने और उसकी ठोस विवेचना कर आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचने से ही ये अपराध रुकेंगे। लेकिन ऐसे मामलों में भी पुलिस संवेदना हीन बनकर एक रूटीन जांच कर रही है जिससे आरोपी बच जा रहे हैं। वहीं चरणबद्ध प्रदर्शन के तहत 6 अप्रैल को युवा कांग्रेस डेटा सेंटर के सामने मौन प्रदर्शन करेगी। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने कहा है कि आरोपी के गिरफ्तार होने तक युवा कांग्रेस लगातार प्रदर्शन करेगी। इस धरना प्रदर्शन के दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, सीमा सोनी, लक्ष्मी दास, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लोकेश कुमार, आलोक सिंह, अशफाक अली, जीवन यादव, विकल झा, प्रीति सिंह, सोहन जायसवाल, रजनीश सिंह, निक्की खान, सतीश बारी, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, अमित सिंह, विकास गुप्ता, आतिफ खान, सीपू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### तहसीलों में शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज करने प्रस्तुत आवेदन पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने जिले के विभिन्न तहसीलों में शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण करने हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर रोक लगाने एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



सौंपे गए ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने बताया है कि जिले के विभिन्न तहसीलों में हाल के समय में बढ़ी संख्या में ऐसे आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं जिनमें शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति विधि के प्रतिकूल है साथ ही राजस्व अभिलेखों की सूची एवं शासकीय भूमि की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो रहा है। वक्फ अधिनियम 1995 के अनुसार वक्फ केवल उस संपत्ति का हो सकता है जो किसी व्यक्ति के निजी स्वामित्व की हो, शासकीय भूमि राज्य की संपत्ति है अतः इसका वक्फ के रूप में समर्पण विधि सम्मत नहीं। विभिन्न तहसीलों एक साथ इस प्रकार के आवेदन प्रस्तुत होना इस बात की ओर संकेत करता है कि यह एक सुनियोजित प्रयास हो सकता है. जिससे शासकीय भूमि पर अवैध अधिकार स्थापित किया जा सके। विश्व हिंदू परिषद ने शासकीय भूमि को वक्फ सम्पत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण करने संबंधी आवेदनों पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान विनित कुमार गुप्ता, सुरेश सोनी, राजकुमार केसरी, अंकुश, लक्ष्मी सिंह, गौतम सिंह, विनय दास, संजीत गुप्ता, अविनाश तिवारी, विकास, गुंजन, अमित सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के बाद महिला कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



- 11 मीटर की श्वेत साड़ी पर ले रहे हस्ताक्षर

**अंबिकापुर।** महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के विरोध में सरगुजा जिला महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है। मां महामाया प्रवेश द्वार के पास महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या किए जाने की घटना के बाद महिला कांग्रेस ने यह अभियान चलाया।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी ने कहा कि इस महिला के साथ हुई जघन्य वारदात दिल्ली में हुए निर्भया कांड की याद दिलाती है। ऐसा नहीं है कि ये कोई पहली घटना है। दशहरा के दिन शहर के एक पेट्रोल पंप पर एक युवती की सरेआम हत्या कर दी गई है। हाल ही में मणिपुर थाना के पास ऐसी ही परिस्थितियों में एक महिला की लाश मिली थी। इन अपराधों के विरोध में महिला कांग्रेस ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जाकर आमजन से उनका हस्ताक्षर प्राप्त कर उसे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को प्रेषित करने का निर्णय लिया है। महिला कांग्रेस 11 मीटर की श्वेत साड़ी पर आमजन के हस्ताक्षर को प्राप्त करेगी। उनके इस अभियान की हौसलाअफजाई के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि टीएस बाबा के अम्बिकापुर का विधायक रहते इस शहर और जिला और संभाग में अपराधों और अपराधियों पर लगाम थी। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते वे निरंतर कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ाई से नजर रखते थे। लेकिन 2023 के चुनावों के बाद इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति में जो गिरावट आई है उसके कई दुष्परिणामों में से एक घटना बीती रात हुई जो दिल्ली के निर्भया कांड जैसी ही है।




# आंधी से भरभराकर गिरी निर्माणाधीन आवसीय विद्यालय की दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



- लोगों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल अधिकारियों ने दिए जांच के निर्देश

दो दिनों पूर्व आए हल्के आंधी तोफान में निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की दीवार भरभराकर गिर गई। दिवार के इस तरह गिरने से निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई है। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान मौके पर कोई मजदूर मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं घटना के बाद निर्माण की गुणवत्ता के साथ ही छात्रों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की है।

जानकारी के अनुसार लडुवा नवापारा में लगभग 38 करोड़ रूपए की लागत से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास किया गया था और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की एजेंसी को सौंपी गई है, जबकि इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जा रही है। निर्धारित समय सीमा में भवन निर्माण पूर्ण किया जाना था, लेकिन समय सीमा बीतने के बावजूद कार्य अधूरा है। विभाग द्वारा ठेकेदार को अतिरिक्त समय भी दिया गया है इसके बावजूद निर्माण की गति और गुणवत्ता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि भवन निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए था, लेकिन मौके पर स्थानीय स्तर की ईटों और कम मात्रा में सीमेंट के उपयोग की बात सामने आ रही है। इससे भवन की मजबूती और सुरक्षा को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार को अब तक लगभग 18 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है जबकि निर्माण कार्य अभी अधूरा है और गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। फिलहाल इस घटना के बाद क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर असंतोष का माहौल है और लोग जल्द उचित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

इस संबंध में सहायक आयुक्त सुश्री समीक्षा जायसवाल ने बताया कि यह सेंट्रल एजेंसी का कार्य है, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जाती है। मामले की जानकारी राज्य स्तर पर दे दी गई है और शीघ्र ही जांच कराई जाएगी।




